श्री हिमांशु कुमार राय, भा०प्र०से०, आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा की अध्यक्षता में दिनांक 28.04.2026 को आयोजित विधि–व्यवस्था, **CCTV** कैमरों की स्थिति एवं विकास योजनाओं संबंधी बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति (VC के माध्यम से):–

1. जिलाधिकारी, दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर।
2. वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा; पुलिस अधीक्षक, मधुबनी; पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर।
3. क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी, दरभंगा प्रमंडल।

सर्वप्रथम VC के माध्यम से आयोजित समीक्षात्मक बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। आयुक्त महोदय, दरभंगा द्वारा दिनांक 24.03.2026 के समीक्षात्मक बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन के संबंध में पृच्छा की गई, जिस पर सभी उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा निम्नवत् वस्तुस्थिति स्पष्ट की गयीः–

सभी जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विधि-व्यवस्था एवं CCTV कैमरों की अद्यतन स्थिति निम्नरूपेण है :-

**तालिका 1: दरभंगा प्रमंडल अंतर्गत अधिष्ठापित सी०सी०टी०वी० कैमरों की प्रतिवेदित स्थिति**

| क्र० सं० | जिला का नाम | कुल थानों की संख्या | कुल CCTV की सं० | क्रियाशील | अक्रियाशील |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **दरभंगा** | 40 | 435 | 420 | 15 |
| 2 | **मधुबनी** | 42 | 588 | 578 | 10 |
| 3 | **समस्तीपुर** | 35 | 440 | 409 | 31 |

**तालिका 2: गंभीर कांडों में दर्ज एवं निष्पादित कांडों की विवरणी**

| क्र.सं. | जिला | 6 माह से अधिक लंबित | गत माह तक लंबित | प्रतिवेदित माह में दर्ज | कुल कांडों की सं. | निष्पादित कांड | कुल लंबित कांड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **दरभंगा** | 276 | 434 | 50 | 484 | 37 | 447 |
| 2 | **मधुबनी** | 395 | 542 | 49 | 550 | 30 | 555 |
| 3 | **समस्तीपुर** | 630 | 1058 | 62 | 1120 | 63 | 1057 |

**तालिका 3: त्वरित गिरफ्तारी / वारंट की कार्रवाई**

| क्र.सं. | जिला | 1 माह से अधिक लंबित | गत माह तक लंबित | प्रतिवेदित माह में प्राप्त | कुल | निष्पादित | न्यायालय को वापस | कुल लंबित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **दरभंगा** | 00 | 355 | 1107 | 1462 | 1120 | 413 | 342 |
| 2 | **मधुबनी** | 906 | 847 | 809 | 1656 | 126 | 176 | 1154 |
| 3 | **समस्तीपुर** | 49 | 242 | 299 | 590 | 281 | 26 | 283 |

तालिका 4: **अवैध हथियार एवं विस्फोटक बरामदगी (शस्त्र अधिनियम)**

| क्र. सं. | जिला | श्रेणी | गत माह तक लंबित | प्रतिवेदित माह में दर्ज | कुल कांड | प्रतिवेदित माह में निष्पादित | कुल लंबित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दरभंगा | शस्त्र अधि. | 37 | 09 | 46 | 03 | 43 |
| | | विस्फोटक अधि. | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 2 | मधुबनी | शस्त्र अधि. | 102 | 18 | 120 | 08 | 112 |
| | | विस्फोटक अधि. | 03 | 00 | 03 | 01 | 02 |
| 3 | समस्तीपुर | शस्त्र अधि. | 119 | 11 | 130 | 08 | 122 |
| | | विस्फोटक अधि. | 01 | 00 | 01 | 00 | 01 |

तालिका 5: **निरोधात्मक कार्रवाई** (126 BNSS **एवं** CCA)

| क्र.सं. | जिला | श्रेणी | प्रस्तावित मामले | की गई कार्रवाई | लंबित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दरभंगा | 126 BNSS | 3219 | 00 | 11,162 |
| | | 135 BNSS | 00 | 648 | 00 |
| 2 | मधुबनी | 126 BNSS | 357 | 5922 | 00 |
| | | 135 BNSS | 00 | 3266 | 2696 |
| 3 | समस्तीपुर | 126 BNSS | 336 | 1900 | 05 |
| | | 135 BNSS | 09 | 501 | 210 |

## 1. विधि–व्यवस्था एवं **CCTV** कैमरों की स्थिति की समीक्षा:–

विधि व्यवस्था/सी0सी0टी0वी0 कैमरों के संबंध में पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर द्वारा बताया गया कि:–

- हसनपुर थाना में सी0सी0टी0वी0 में समस्या आ रही है एवं कुछ थानों में U.P.S. की समस्या बनी हुई है जिससे Backup में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। उनके निवारण हेतु संबंधित एजेंसी को अवगत कराया गया है।

विधि व्यवस्था/सी0सी0टी0वी0 कैमरों के संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि:–

- दरभंगा जिलान्तर्गत जिन थानों में सी0सी0टी0वी0 पहले से अधिष्ठापित हैं, वे सभी वर्तमान में क्रियाशील हैं। जिन थानों को नव निर्मित भवनों में स्थानांतरित किया जाना है, वहाँ सी0सी0टी0वी0 कैमरों के अधिष्ठापन हेतु पुलिस मुख्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा कुछ थानों के सी0सी0टी0वी0 में बैकअप की समस्या आ रही है, जिसके निवारण हेतु संबंधित एजेंसी को अवगत कराये जाने के बारे में बताया गया।

विधि व्यवस्था/ सी0सी0टी0वी0 कैमरों के संबंध में पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि:–

- मधुबनी जिले में चार थानों को छोड़ कर अन्य सभी थानों में सी0सी0टी0वी0 अधिष्ठापित एवं क्रियाशील हैं। कलुवाही एवं संग्राम थाना भवनों का नव–निर्माण होने के कारण वहाँ अभी सी0सी0टी0वी0 का अधिष्ठापन किया जाना बाकी है। साथ ही साईबर थाना एवं यातायात थाना हेतु

भूमि चिन्हित कर ली गई है एवं वहाँ भवन निर्माण के उपरांत सी0सी0टी0वी0 कैमरें अधिष्ठापित कर लिए जायेंगे।

## 2. विकास योजनाओं की समीक्षाः–

आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल द्वारा मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा में अनुशंसित एवं तद्नुसार क्रियान्वित योजनाएँ एवं अन्य बड़ी विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई, जिस पर तीनों जिला पदाधिकारियों द्वारा अद्यतन वस्तुस्थिति से निम्नवत अवगत कराया गयाः–

### I. समस्तीपुर जिला

| क्र. सं. | योजना का नाम | कार्यकारी ऐजेंसी का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि (करोड़ में) | कुल व्यय (करोड़ में) | व्यय का प्रतिशत | भौतिक प्रगति का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारतमाला परियोजना अन्तर्गत आमस–दरभंगा रोड का निर्माण कार्य (फेज–03 एवं 04) | NHAI, PIU Muzaffarpur, Megha Engineering & Infrastructures Limited | 1969 | 590 | 30% | 32% |
| 2 | Construction of two lane ROB over LC no-2 between Muktapur & Kishanpur | RCD | 58.60 | – | – | – |
| 3 | NH-122B | PIU Gulzarbagh, Patna | 125 | 110 | 88% | 95% |
| 4 | Boys hostel in Engineering College, Sarairanjan | M/S Pankaj Construction, Samstipur | 63.39 | – | – | 10% |

- जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा में घोषित एवं चयनित सभी नौ (09) योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। समस्तीपुर–दरभंगा मार्ग का सुधार कार्य, रोसड़ा बाइपास रोड का चौड़ीकरण कार्य, मुक्तापुर–मोईन सड़क संबंधी कार्य प्रगति पर है।
- आमस–दरभंगा राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य तेजी से किए जाने, सड़क चौड़ीकरण तथा पुल–पुलियों के मरम्मत कराये जाने के संबंध में बताया गया। साथ ही पैकेज–03 के क्रियान्वयन में आ रही वित्तीय समस्या से भी अवगत कराया गया एवं बताया गया कि पैकेज–04 का कार्य वर्ष 2027 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।
- बख्तियारपुर–ताजपुर रोड निर्माण कार्य को जून 2026 तक पूर्ण किये जाने के बारे में बताया गया। साथ ही मुक्तापुर–किशनपुर के बीच R.O.B. के निर्माण हेतु एकरारनामा किया गया है एवं उक्त योजना का कार्य जल्द ही प्रारम्भ किये जाने के बारे में बताया गया।
- NH-122B राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु भूमि अधिग्रहण कर लिए जाने एवं कार्य को जल्द ही पूर्ण किये जाने के बारे में बताया गया।
- गंगा नदी पर प्रस्तावित पुल का निर्माण कार्य एवं दो River Ranching परियोजना का कार्य वर्ष 2027 तक शुरू किये जाने के संबंध में जानकारी दी गयी।

## II. दरभंगा जिला

| क्रं. सं. | योजना का नाम | कार्यकारी ऐजेंसी का नाम | प्राक्कलित राशि (करोड़ में) | अद्यतन स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | दरभंगा वाटर सप्लाई फेज–2 | बुडको | 151.69 | कार्य प्रगति पर है। |
| 02 | दरभंगा स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज स्कीम | बुडको | 270.59 | कार्य प्रगति पर है। |
| 03 | प्रगति योजना अन्तर्गत दरभंगा स्टेशन से लोहिया चौक तक एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य | BSRDC | 1868.00 | कार्य प्रगति पर है। |
| 04 | एम्स दरभंगा तक 4–लेन पहुँच पथ के निर्माण सहित शोभन–एकमीघाट पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य | पथ प्रमंडल, दरभंगा (RCD) | 172.85 | कार्य प्रगति पर है। |
| 05 | एम्स दरभंगा | एम्स दरभंगा | 1264.00 | कार्य प्रगति पर है। |

- जिला पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा में घोषित एवं चयनित सभी 11 योजनाओं जैसे कि एलिवेटेड कोरिडोर, पाँच R.O.B., AIIMS बाईपास, एयरपोर्ट टर्मिनल निर्माण कार्य, आदि का कार्य प्रगति पर होने के संबंध में जानकारी दी गयी। कुल पाँच R.O.B. में से दो का कार्य प्रगति पर है। AIIMS, दरभंगा के boundary wall का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
- दरभंगा जिला में वाटर सप्लाई फेज–2 का कार्य प्रगति पर होने के बारे में बताया गया। साथ ही स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजना का कार्य प्रगति पर होने एवं इस संबंध में नियमित अनुश्रवण किये जाने की बात कही गयी।
- दरभंगा–रोसड़ा पथ निर्माण योजना में पंडासराई तक पथ निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही कुशेश्वरस्थान बाईपास का निर्माण कार्य के प्रगति पर होने के बारे में बताया गया।
- आमस–दरभंगा Expressway, बहेड़ी बाईपास रोड एवं दिल्ली–जयनगर फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य के प्रगति पर होने के बारे में बताया गया।
- Industrial Park के निर्माण एवं दरभंगा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के पास लॉजिस्टिक पार्क तथा कार्गो निर्माण हेतु भू–अर्जन में आ रही समस्या के निवारण हेतु वन विभाग से समन्वय स्थापित कर समस्या के निवारण हेतु सतत प्रयास किये जाने के बारे में बताया गया।
- मुख्यमंत्री सुरक्षित शहर योजना के संबंध में जिला पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा बताया गया कि जिले के सभी महत्त्वपूर्ण एवं प्रस्तावित जगहों पर सी०सी०टी०वी० अधिष्ठापित करने का कार्य अगले दो सप्ताह में पूर्ण कर लिया जायेगा। साथ ही गृह विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए स्पीड मीटर एवं ट्रैफिक सिग्नल से सम्बंधित कार्य किये जा रहे हैं।

## III. मधुबनी जिला

| क्र.सं. | योजना का नाम | कार्यकारी ऐजेंसी का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि (करोड़ में) | कुल व्यय (करोड़ में) | व्यय का प्रतिशत | भौतिक प्रगति का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | पुरानी कमला नदी की धारा को पुनर्जीवित करने का कार्य | मेसर्स मातेश्वरी कंस्ट्रक्शन, औरंगाबाद | 426.01 | 18.00 | 9.86% | 42% |
| 02 | कमला नदी के तटबंध का निर्माण कार्य | मेसर्स मातेश्वरी कंस्ट्रक्शन, औरंगाबाद | 225.46 | 197.91 | 81.89% | 88% |
| 04 | रिंग रोड का कार्य | BRPNNL, Work Div- Darbhanga | 293.96 | 0 | 0 | 0 |

- मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा की प्रगति के संबंध में जिला पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा बाबूबरही में बस स्टैंड का निर्माण कार्य प्रगति पर होने एवं जयनगर R.O.B. का कार्य आठवें स्तंभ तक पूर्ण कर लिये जाने के संबंध में बताया गया। जिन योजनाओं में वन विभाग से अनापत्ति पत्र प्राप्त किया जाना है, उनमें वन विभाग से पत्राचार कर कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।
- कमला–जीवछ नदी को पुनर्जीवित किये जाने का कार्य 42% तक पूर्ण किये जाने एवं कमला नदी के तटबंध निर्माण कार्य को 88% तक पूर्ण किये जाने के बारे में बताया गया।
- रिंग रोड का कार्य शुरू कर दिये जाने के संबंध में बताया गया। इस संबंध में सेक्शन–11 तक का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं सेक्शन–19 का कार्य शीघ्र शुरू कर लिया जायेगा।
- Vibrant Villages Program(VVP) अंतर्गत मधुबनी जिले में चयनित भारत–नेपाल सीमा से सटे कुल 286 गावों के विकास हेतु D.P.R तैयार करने से संबंधित कार्य प्रगति पर होने के बारे में बताया गया।
- सिलीगुड़ी– मधुबनी–गोरखपुर एक्सप्रेसवे (100 किलोमीटर मधुबनी में) का 3A स्तर तक कार्य पूर्ण किये जाने के संबंध में बताया गया।
- भारतमाला परियोजना के संबंध में बताया गया कि इनसे संबंधित कार्य अंतिम चरण में हैं एवं बचे हुए कार्य (लगभग 81 एकड़ जमीन पर) को शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा।
- झंझारपुर मेडिकल कॉलेज के कार्य को जून 2026 तक पूरा किये जाने एवं उक्त कॉलेज से संबंधित पहुँच–पथ के निर्माण कार्य का प्रस्ताव भेजे जाने के संबंध में प्रतिवेदित किया गया।
- मधुबनी में पुलिस लाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- जयनगर एवं फुलपरास अनुमंडल में सिविल कोर्ट के नये भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- इसके अलावा प्रस्तावित Industrial Corridor का कार्य प्रगति पर है।
- लॉजिस्टिक पार्क एवं 100 बेड मडिकल कॉलेज हॉस्पिटल का निर्माण कार्य अगले तीन साल में पूर्ण कर लिया जायेगा।
- जिला पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा बताया गया कि सीमावर्ती इलाकों में नशीलें पदार्थों यथा–गाँजा, Brown Sugar आदि भारी मात्रा में जब्त किये गये हैं।

- आसन्न LPG Gas Cylinder की किल्लत की समस्या पर जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर, मधुबनी एवं दरभंगा द्वारा बैठक में बताया गया कि LPG एवं तेल की आम–जनों के बीच उपलब्धता की कोई समस्या नहीं हो रही है एवं कालाबाजारी/जमाखोरी की समस्या से निबटने हेतु वर्त्मान में अधिकतम पाँच LPG सिलिंडर (commercial) की सीमा निर्धारित कर नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही मधुबनी जिला में P.N.G के उत्पाद/भंडारण हेतु दो जगहों पर भू–अर्जन का कार्य पूर्ण कर लिया गया। दरभंगा–मधुबनी में Gas Pipeline का निर्माण कार्य धीमी गति पर होने की सूचना दी गई।

**बैठक में समीक्षोपरांत आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल द्वारा निम्नलिखित निदेश दिए गएः–**

- सभी निर्माण कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

  (**अनुपालन**–जिला पदाधिकारी, दरभंगा/मधुबनी/समस्तीपुर)

- बिजली की मांग–आपूर्त्ति पर विशेष ध्यान देते हुए बिजली विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक करना सुनिश्चित किया जाय। अधिकतम बिजली मांग के दौरान बिजली के निर्बाध आपूर्ति हेतु लोड शेडिंग से संबंधित रोस्टर बनवा कर कार्य किया जाय ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक निर्बाध बिजली की सुविधा पहुंचाई जा सके।

  (**अनुपालन**–जिला पदाधिकारी दरभंगा/मधुबनी/समस्तीपुर)

- दरभंगा प्रमंडल अंतर्गत तीनों जिलों से गृह विभाग, बिहार को प्रस्ताव भेजते हुए Shooting/Firing Range का निर्माण करवाना सुनिश्चित किया जाय। इस सन्दर्भ में दरभंगा जिले में Bihar Military Police-13 (BMP-13) में उपलब्ध भूमि में Shooting/Firing Range के निर्माण हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जाय।

  (**अनुपालन**–जिला पदाधिकारी, दरभंगा/मधुबनी/समस्तीपुर)
  (**अनुपालन**–वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा; पुलिस अधीक्षक, मधुबनी/समस्तीपुर)

- LPG सिलेंडर का वितरण नियमित रूप से करने तथा कालाबाजारी/गैर कानूनी संचय की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाना सुनिश्चित किया जाय।

  (**अनुपालन**–जिला पदाधिकारी दरभंगा/मधुबनी/समस्तीपुर)

- जिन थानों के भवन निर्माण हेतु जमीन की आवश्यकता है उसकी सूचना जिला पदाधिकारी को देते हुए प्रतिलिपि आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल को भेजना सुनिश्चित किया जाय।

  (**अनुपालन**– वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा; पुलिस अधीक्षक, मधुबनी/समस्तीपुर)

**अंत में बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गई।**

12.5.26
(हिमांशु कुमार राय, भा०प्र०से०)
आयुक्त
दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।

ज्ञापांक :–.....795/........... दिनांक–.....13.05.2026

प्रतिलिपि :– पुलिस अधीक्षक, मधुबनी एवं समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

12.5.26

आयुक्त

दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।

ज्ञापांक :–.....795/........... दिनांक–.....13.05.2026

प्रतिलिपि :– वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

12.5.26

आयुक्त

दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।

ज्ञापांक :–.....795/........... दिनांक–.....13.05.2026

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12.5.26

आयुक्त

दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।

ज्ञापांक :–.....795/........... दिनांक–.....13.05.2026

प्रतिलिपि :– पुलिस उप महानिरीक्षक, मिथिला प्रक्षेत्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12.5.26

आयुक्त

दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।

ज्ञापांक :–.....795/........... दिनांक–.....13.05.2026

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग(विशेष शाखा), बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

12.5.26

आयुक्त

दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।

ज्ञापांक :–.....795/........... दिनांक–.....13.05.2026

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

12.5.26

आयुक्त

दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।

ज्ञापांक :–.....795/........... दिनांक–.....13.05.2026

प्रतिलिपि :– माननीय मुख्यमंत्री के सचिव, बिहार सरकार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

12.5.26

आयुक्त

दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।